लोक सभा

अतारांकित प्रश्नन संख्या:1059

02 मार्च, 2015 को उत्ततर के लिए

इस्पात का उत्पादन

1059. डॉ. संजय जायसवाल:
श्री लक्ष्मण गिलुवा:
श्री राम टहल चौधरी:
श्री कंवर सिंह तंवर:
क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश में इस्पात उत्पादन का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में पर्याप्त उत्पादन के बावजूद इस्पात का आयात किया जा रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इस्पात के घरेलू उत्पादन में वृद्धि करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्त)र

इस्पांत और खान राज्यर मंत्री **श्री विष्णुप देव साय**

(क): गत तीन वर्षों में प्रत्येरक और वर्तमान वर्ष (अप्रैल-दिसम्बलर) के दौरान देश में इस्पाएत के उत्पासदन का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है:

वर्ष	**क्रूड इस्पाकत उत्पाादन (मिलियन टन में)**
2011-12	74.29
2012-13	78.42
2013-14	81.69
अप्रैल-दिसम्ब र 2014-15*	62.39
स्रोत: संयुक्तवसंयंत्र समिति (जेपीसी); *अनंतिम	

(ख) और (ग): जी हां , देश में इस्पानत का आयात संबंधित मद की घरेलू मांग और आपूर्ति की स्थितियों और उसकी कीमतों (घरेलू और आयात कीमत) जैसे घटकों के आधार पर किया जा रहा है। गत तीन वर्षों में प्रत्योक वर्ष और वर्तमान वर्ष (अप्रैल-दिसम्बघर) के दौरान आयातों के आंकड़े नीचे तालिका में दिए गए है:

वर्ष	कुल फिनिश्ड इस्पा त(मिलियन टन में)
	आयात
2011-12	6.86
2012-13	7.92
2013-14	5.45
अप्रैल-दिसम्बइर 2014-15*	6.49
स्रोत: संयुक्ते संयंत्र समिति (जेपीसी); *अनंतिम	

(घ): इस्पाएत एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और इसलिए नई क्षमता निर्माण के निवेशगत निर्णय व्यडक्तिगत निवेशकों द्वारा वाणिज्यिक सोच-विचारों के आधार पर लिए जाते हैं।

*****